आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 05.08.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार, राज्य की महिलाओं को 'लखपति दीदी' से 'करोड़पति दीदी' बनाने के लिये मिशन मोड पर काम कर रही है।
- राज्य में फर्जी दस्तावेजों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
- स्वास्थ्य विभाग चमोली के प्रभारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शाह हसन को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया; वाहन दुर्घटना व अनुशासनहीनता के आरोप।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज भी भारी बारिश की चेतावनी, चंपावत, बागेश्वर, देहरादून, पौड़ी, पिथौरागढ़ और नैनीताल जिले के स्कूलों और आगनवाड़ी केंद्रों में आज अवकाश घोषित।

महिला आर्थिकी सशक्तीकरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य की महिलाओं को 'लखपति दीदी' से 'करोड़पति दीदी' बनाने के लक्ष्य के साथ मिशन मोड पर काम किया जा रहा है। उन्होंने मातृशक्ति को उत्तराखंड की आर्थिक और सामाजिक क्रांति की सबसे बड़ी संवाहक बताते हुए महिला स्वयं सहायता समूहों के विस्तार पर जोर दिया। सचिवालय से राज्य के विभिन्न विकास खण्डों में महिला स्वयं सहायता समूहों से वर्चुअल संवाद में श्री धामी ने सभी सरकारी कार्यक्रमों में केवल महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए स्मृति चिन्ह, शॉल और भेंट वस्तुओं के उपयोग के निर्देश दिए। जिलाधिकारियों को ग्रोथ सेंटरों में महिलाओं के प्रशिक्षण, उत्पादों की क्वालिटी कंट्रोल, बेहतर पैकेजिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म से मार्केटिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। "मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना" का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 2023 में रक्षाबंधन से अब तक महिला समूहों ने 27 हजार से अधिक स्टॉल लगाकर 7 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री की है। उत्पादों के विपणन के लिए नैनो पैकेजिंग यूनिट्स, सरस सेंटर, विपणन केंद्र, बेकरी यूनिट्स और चारधाम यात्रा मार्गों पर आउटलेट संचालित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज और हिलांस ब्रांड से महिला समूहों के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है। उन्होंने महिलाओं से सुझाव आमंत्रित करते हुए स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया।

## मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय परिसर में मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 95 विकासखंडों में कार्यक्रम आयोजित किए गए और मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा रक्षाबंधन पर्व के लिए लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने महिलाओं को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए स्वरोजगार, स्वावलंबन और स्थानीय उत्पादों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की 1 लाख 63 हजार से अधिक महिलाएं "लखपति दीदी" बनकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में नई मिसाल पेश कर रही हैं। महिला समूहों के उत्पादों की प्रोसेसिंग और मार्केटिंग के लिए 49 ग्रोथ सेंटर स्थापित किए गए हैं।

## निर्देश

प्रदेश में जिन लोगों ने गलत तरीके से राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड और अन्य दस्तावेज़ बनाए हैं, उनके कार्ड तुरंत निरस्त किये जाएंगे और इसमें संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलों में सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। अब तक पौड़ी में 961, बागेश्वर में 5 हजार 307 और देहरादून में 3 हजार 332 अपात्र राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कार्डधारकों की सही पहचान सुनिश्चित करना आवश्यक है ताकि योजनाओं का लाभ केवल पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे और फर्जी दस्तावेज़ों के आधार पर जनसुविधाएं लेने वालों की पहचान हो सके। सभी जिलाधिकारी जनपद स्तर पर राशन, आधार, वोटर और आयुष्मान कार्ड का सघन सत्यापन करा रहे हैं।

## भर्ती रैली

130 इन्फैन्ट्री बटालियन (टीए) पर्यावरण कुमाऊं की भर्ती रैली 18 से 23 अगस्त तक पिथौरागढ़ में आयोजित होगी। कमान अधिकारी के अनुसार जूनियर कनिष्ठ अधिकारी, जीडी, लिपिक, धोबी, रसोइया, बढ़ई, दर्जी, सफाईकर्मी, उपकरण मरम्मतकर्ता, नाई और लौहार सहित 115 पदों पर भर्ती की जाएगी। 18 अगस्त को दस्तावेजों की जांच और शारीरिक परीक्षण, 19 और 21 अगस्त को मेडिकल तथा 22–23 अगस्त को साक्षात्कार होंगे। सभी प्रक्रियाएं सुबह 6 बजे से बटालियन मुख्यालय ग्राउंड में होंगी।

वर्ल्ड रिकॉर्ड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल, परीक्षा पे चर्चा को ''एक महीने में नागरिक सहभागिता मंच पर सबसे अधिक लोगों के पंजीकरण'' के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। यह मान्यता माई गॉव प्लेटफॉर्म पर कार्यक्रम के आठवें संस्करण के दौरान तीन करोड़ 53 लाख पंजीकरणों के साथ हासिल की गई उपलब्धि का प्रमाण है। परीक्षा पे चर्चा श्री मोदी की परिकल्पना के अनुरूप अनूठा मंच है। इसमें प्रधानमंत्री छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से सीधे संवाद करते हैं। नई दिल्ली में आज एक समारोह में आधिकारिक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र औपचारिक रूप से प्रदान किया गया।

निलंबन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने चमोली के प्रभारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मोहम्मद शाह हसन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार हाल ही में रुद्रप्रयाग के तिलणी क्षेत्र में डॉ. हसन के वाहन ने दो बाइक सवारों को टक्कर मारी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हुए। घटना के संबंध में प्राप्त रिपोर्ट में उनके शराब सेवन का उल्लेख है। स्वास्थ्य विभाग ने इसे आचरण नियमावली 2002 का उल्लंघन मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में अनुशासन, जवाबदेही और पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विभाग ने मामले की निष्पक्ष और शीघ्र जांच के आदेश दिए हैं। जांच पूरी होने पर यदि आरोप सिद्ध हुआ; तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मौसम/बारिश

उत्तराखंड में पिछले दो दिन से बारिश का सिलसिला जारी है। लगातार हो रही बारिश से सामान्य जन जीवन प्रभावित हुआ। पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश और भूस्खलन से सड़क मार्ग कहीं स्थानों पर बाधित हुए हैं, जबकि मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर जल जमाव की समस्या हुई है। वहीं, राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढोतरी हुई है, जिसे देखते हुए शासन–प्रशासन स्तर पर सुरक्षा के लिये आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

मौसम विभाग के अनुसार आज भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहेगा। विभाग ने देहरादून, टिहरी, बागेश्वर, पौड़ी, उधमसिंह नगर, चम्पावत और नैनीताल जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी बारिश का यलो अलर्ट है।

भारी बारिश की संभावना के मद्देनज़र आज चंपावत, बागेश्वर, देहरादून, पौड़ी, पिथौरागढ़ और नैनीताल जिले के स्कूलों और आगनवाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है।

अलर्ट

राज्य में भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास, विनोद कुमार सुमन ने सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। सचिव ने त्वरित प्रक्रिया दलों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने और जलभराव, बाढ़ या किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नदियों के जलस्तर की निगरानी, नदी किनारे जाने पर रोक, निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा और वर्षा प्रभावित क्षेत्रों की लगातार निगरानी करने को कहा गया है।

उन्होंने निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में राशन, दवा, पेयजल और आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति बाधित न हो। अवरुद्ध सड़कों को शीघ्र खोलने और पावर हाउसों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए हैं। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि मौसम विभाग की चेतावनियों को गंभीरता से लें, अफवाहों से बचें, नदी किनारे न जाएं, अनावश्यक यात्रा से परहेज करें और किसी भी आपात स्थिति में 112, 1070 या 1077 पर संपर्क करें।

अभियान

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नवीन चन्द्र लोहनी ने राज्य के हर वंचित व्यक्ति तक उच्च शिक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत प्रचार–प्रसार सामग्री और कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनमानस को मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। कुलपति ने विश्वविद्यालय के सभी विभागों और अनुभागों को निर्देशित किया है कि वे अपने–अपने कार्यक्रमों की जानकारी और उनसे जुड़े रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों को दर्शाते हुए 5 मिनट के सूचनाप्रद वीडियो तैयार करें।

वहीं, वर्तमान प्रवेश सत्र के अंतर्गत राज्य के सभी 13 जिलों में प्रचार–प्रसार हेतु 13 टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें महाविद्यालयों और विद्यालयों में गोष्ठियों एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र–छात्राओं को शैक्षिक जानकारी प्रदान करेंगी।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

उत्तराखंड में लगातार बारिश से जन–जीवन प्रभावित होने की ख़बर सभी समाचार पत्रों में है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– बारिश का कहर तीन की मौत। अमर उजाला लिखता है – बारिश से बरबादी, तीन की मौत, 117 सड़के बंद, उफान पर आई नदियां।

प्रदेश में कूट रचित दस्तावेजों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। दैनिक जागरण का शीर्षक है– सीएम ने सुबह दिए निर्देश, शाम तक नौ हजार छह सौ राशन कार्ड निरस्त। अमर उजाला लिखता है– फर्जी राशन, आधार, वोटर, आयुष्मान कार्ड पर सरकार सख्त।

प्रदेश में महिलाओं के लिये सरकार की लखपति दीदी योजना को लेकर भी सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने मुख्यमंत्री के हवाले से ख़बर दी है – लखपति दीदी को करोड़पति बनाने के लिए काम करेंगे। दैनिक जागरण लिखता है – ग्रामीण महिला समूह के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती।